


1. कटोरे पर कटोरा
   बेटा बाप से भी गोरा


2. बीन बजाता आता है,
   खून पी उड़ जाता है।



3. लाल–लाल तवा
   सोने से मढ़ा
   पूरब से आया
   पश्चिम को गया।




4. सदा धूप से तुम्हें बचाउँ,
वर्षा में भी काम मैं आउँ,
जब भी अपने हाथ
फैलाउँ,
सबके सिर पर मैं चढ़
जाउँ।।



5. बिना पंख ही उड़ जाती,
बाँध गले में डोर,
खींचों तो ऊपर चढ़ जाती
रहे हाथ में छोर।



6. एक लाठी की सुनो कहानी,
छुपा है इसमें मीठा पानी



दिनांक

# पहेलियाँ

दिवस : 157

**शिक्षण–निर्देश :**


विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## पहेली को उसके सही उत्तर से मिलाइए–

कटोरे पर कटोरा
बेटा बाप से भी गोरा।

बिन चबाए सभी,
मुझे निगल जाते।

बीन बजाता आता है,
खून पी उड़ जाता है।







## पहेली के सही उत्तर पर सही (√) का निशान लगाइए–

तीन पंख का ऐसा पक्षी,
सबके घर में रहता।
वर्षा और सर्दी में सोता,
बस गर्मी में उड़ता।

टेबल | पंखा | त्रिशूल

दाना पानी कुछ नहीं लेती,
रात–दिन चलती जाती।
पल–पल बड़ा कीमती,
हमको ऐसा सबक सिखाती।

बल्ब | बेलन | घड़ी

## अपनी पसंद का चित्र बनाइए–


# पहेलियाँ

**शिक्षण–निर्देश :**


विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## पहेली को उसके सही उत्तर से मिलाइए–


बिना पंख ही उड़ जाती,
बाँध गले में डोर,
खींचों तो ऊपर चढ़ जाती
रहे हाथ में छोर।



छिलके दूर हटाते जाओ,
बड़े मजे से खाते जाओ।
इतना पर जरूर देखना,
छिलके इसके दूर फेंकना।



एक लाठी की सुनो कहानी,
छुपा है इसमें मीठा पानी।



## वाक्य बनाइए–

केला–

गन्ना–

पतंग–

## आपने कोई पहेली सुनी है तो उसे लिखिए–

दिनांक

# पहेलियाँ


दिवस–159

**शिक्षण–निर्देश :**


विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## पहेली को उसके सही उत्तर से मिलाइए–


लाल–लाल तवा
सोने से मढ़ा
पूरब से आया
पश्चिम को गया।



सदा धूप से तुम्हें बचाऊँ,
वर्षा में भी काम मैं आऊँ,
जब भी अपने हाथ फैलाऊँ,
सबके सिर पर मैं चढ़ जाऊँ।



हरी गेंद पर गोल नहीं है,
फिर भी वह बेडोल नहीं है।
पकने पर हो जाती पीली,
थी खट्टी अब बड़ी रसीली।



## दिए गए शब्द का एक समान अर्थ वाले शब्द लिखिए और वाक्य बनाइए–

| | | |
|---|---|---|
| सूरज | सूर्य | |
| साथी | | |
| लाठी | | |
| पानी | | |

## शब्द लड़ी बनाइए–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| लाल | लता | | | |

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## पहेली को उसके सही उत्तर से मिलाइए–

कटोरे पर कटोरा
बेटा बाप से भी गोरा।

एक लाठी की सुनो कहानी,
छुपा है इसमें मीठा पानी।

बीन बजाता आता है,
खून पी उड़ जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| नारियल | छाता | पतंग |
| मच्छर | गन्ना | सूरज |

लाल–लाल तवा
सोने से मढ़ा
पूरब से आया
पश्चिम को गया।

सदा धूप से तुम्हें बचाऊँ,
वर्षा में भी काम मैं आऊँ,
जब भी अपने हाथ फैलाऊँ,
सबके सिर पर मैं चढ़ जाऊँ।

बिना पंख ही उड़ जाती,
बाँध गले में डोर,
खींचों तो ऊपर चढ़ जाती
रहे हाथ में छोर।

## शब्दों से वाक्य बनाइए–

नारियल –

छाता –

पतंग –

मच्छर –

सूरज –

## पहेली में आए समान लय वाले शब्द लिखिए–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटोरा | गोरा | आऊँ | | आता | | डोर | |

दिनांक

# पहेलियाँ

दिवस–161

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## दी गई पहेलियों के उत्तर लिखिए–

दो पहियों पर चलती है वह,
नहीं चाहिए उसको ईंधन।
नहीं कोई फैलाती प्रदूषण,
आम आदमी का वह वाहन।

एक बड़ा आग का गोला,
सबको खूब जलाता है।
पर जब गोला मुरझा जाता,
अंधकार हो जाता है।

कभी किसी से नहीं अकड़ते,
वे सबके पैरों में पड़ते।
जो उनको ठुकराकर भागे,
पथ में कांटा उसके लागे।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

दो पहियों वाले वाहनों के नाम लिखिए।

आपके घर में आग का प्रयोग किन–किन कार्यों के लिए किया जाता है ?

आप किन–किन अवसरों पर और किनके ऊपर अकड़ दिखाते हैं ?

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## दी गई पहेलियों के उत्तर लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| सात रंगों से बन,<br>आसमान में छितराया।<br>ज्योंही निकली धूप,<br>अपने को गायब पाया। | तीन अक्षर का मेरा नाम,<br>उल्टा–सीधा एक समान।<br>चिकनाई है रहती मुझमें,<br>खाओ ढेर तो गड़बड़ काम। | दुम हाथ में हमारे,<br>वह आसमान में नाचे।<br>चाहे जिधर घुमाएँ,<br>वह बस में है हमारे। |

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

आपको जिन–जिन रंगों की जानकारी है, उसके नाम लिखिए–

आज के दिवस में अभ्यास–पुस्तिका में आए दो अक्षर एवं तीन अक्षर से बने शब्दों की सूची अलग–अलग बनाइए –

| दो अक्षर वाले शब्द | तीन अक्षर वाले शब्द |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| | |

दिनांक

# पहेलियाँ


दिवस–163

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## चित्र के नाम से पहेली बनाइए–





## चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



दिनांक


# पहेलियाँ

दिवस–164

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की पहेलियाँ सुनाएँ तथा उनसे सुनें तथा पहेली के आए उत्तर वाले शब्दों के बारे में बातचीत करें।

## चित्र के नाम से पहेली बनाइए–





## अपनी पसंद की कहानी लिखिए–